संख्या– जी-316 सी0एम0–2/2013

प्रेषक,

राकेश गर्ग,
प्रमुख सचिव, मुख्य मंत्री,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उ0प्र0 शासन।
2. समस्त जिलाधिकारी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
उत्तर प्रदेश।

मुख्य मंत्री कार्यालय अनुभाग–2 लखनऊ : दिनांक 22 नवम्बर, 2013

विषयः जन समस्याओं के निस्तारण के संबंध में निर्देश।

महोदय,

आप अवगत हैं कि जन समस्याओं का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसी क्रम में जनपद स्तर पर प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को तहसील दिवस का आयोजन होता है, जिसमें जनता अपनी समस्याओं को तहसील दिवस में उपस्थित अधिकारियों को सीधे सम्पर्क कर अवगत कराती है। तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों का पंजीकरण कर उसको निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया जाता है और शिकायतकर्ता को उसके प्रार्थना पत्र के पंजीकरण एवं निस्तारण की सूचना एस0एम0एस0 के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। तहसील दिवस संदर्भों पर प्राप्त आख्या को अपलोड करने की व्यवस्था भी की गई है। कोई भी व्यक्ति तहसील दिवस की वेबसाइट tehsildivas.up.nic.in पर जाकर guest login से तहसील दिवस के प्रार्थना पत्रों के विषय में जानकारी प्राप्त कर सकता है।

मा0 मुख्य मंत्री कार्यालय में विभिन्न स्रोतों से प्राप्त संदर्भ भी निस्तारण हेतु विभिन्न अधिकारियों को प्रेषित किये जाते हैं। समस्त संदर्भ मुख्यमंत्री कार्यालय के वेबसाइट upcmo.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। समस्त अधिकारीगण अपने से संबंधित संदर्भों की जानकारी उक्त वेबसाइट पर अपने login ID एवं password को enter कर प्राप्त कर सकते हैं।

(1) समस्त संबंधित अधिकारियों को login ID/password पूर्व में ही उपलब्ध करा दिये गये हैं। यदि कोई अधिकारी अपना login ID/ password भूल जाता है तो upcmo.up.nic.in पर जाकर पुनः प्राप्त करने की व्यवस्था दी गई है।

(2) मा0 मुख्य मंत्री संदर्भ 04 प्रकार के हैं– आख्या, अनुपालन, समयबद्ध एवं अन्तरित। प्रथम तीन प्रकार (आख्या, अनुपालन, समयबद्ध) के संदर्भों में आख्या शासन को उपलब्ध कराने का प्राविधान है, जबकि अन्तरित प्रकार के संदर्भ में कार्रवाई कर सीधे वेबसाइट पर आख्या फीड करने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारीगण की है।

जन–सामान्य की सुविधा के लिए उक्त संदर्भों (तहसील दिवस एवं मुख्य मंत्री संदर्भ) पर की गई कार्रवाई का फीड बैक लेने एवं अधिकारियों को उनसे संबंधित लम्बित संदर्भों की जानकारी देने के लिए call centre की स्थापना की जा रही है। इसपर किये गये वार्तालाप सुरक्षा के लिए रिकार्ड किये जायेंगे और उक्त रिकार्ड संबंधित शिकायत संदर्भ के साथ लिंक कर दिया जायेगा।

अतएव आपसे कहने का निदेश हुआ है कि जन समस्याओं के प्रति रूचि लेते हुए समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(राकेश गर्ग)
प्रमुख सचिव

पृष्ठांकन पंत्रांक /तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त मण्डलायुक्त / पुलिस उप महानिरीक्षक, उ0प्र0।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, उ0प्र0।
4. समस्त मुख्य नगर अधिकारी, नगर निगम,उ0प्र0।
5. समस्त अध्यक्ष / प्रबंध निदेशक (सार्वजनिक उपकम), उ0प्र0।
6. समस्त कुल सचिव (उच्च / प्राविधिक शिक्षा / चिकित्सा शिक्षा), उ0प्र0।

आज्ञा से,

(अवनीश सक्सेना)
विशेष कार्याधिकारी